# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र
## वर्ष– 2024
## व्यवसायिक अध्ययन (433)

समयः 3 घण्टे पूर्णाकः –80

**निर्देशः** (i) इस प्रश्न–पत्र में कुल 26 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।

(iv) इस प्रश्न –पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।

### खण्ड 'क'

प्रश्नः 1(i) प्रबन्ध का सार है– 1

(a) समन्वय (b) संगठन

(c) स्टाफिंग (d) इनमें से कोई नहीं

(ii)– वैज्ञानिक प्रबन्ध के जनक हैः – 1

(a) गिलब्रेथ (b) टेलर

(c) राबर्टसन (d) किम्बाल

(iii)– इन्टरनेट द्वारा हबाई टिकट की बुक्रिंग का उदाहरण निम्न में से कौन सा है। – 1

(a) तकनीकी पर्यावरण (b) आर्थिक पर्यावरण

(c) राजनीतिक पर्यावरण (d) सामाजिक पर्यावरण

(iv) निम्न कथन को पढिए कथन (अ) तथा कारण (ब) तथा सही विकल्प का चयन कीजिए– 1

कथन (अ) नियोजन एक चयन क्रिया है।
कारण (ब) नियोजन विभिन्न उपलब्ध विकल्पों में से सर्वोत्तम विकल्प का चयन करना है,
विकल्पः

(a) दोनों (अ) तथा कारण (ब) सही है तथा कारण (ब) कथन (अ) का सही स्पष्टीकरण है।

(b) दोनों कथन (अ) तथा कारण (ब) सही हैं और कारण (ब) कथन (अ) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) कथन (अ) सही है किन्तु कारण (ब) गलत है।

(d) कथन (अ) गलत है किन्तु कारण (ब) सही है।

(v)–कूट्ज एवं ओडोनेरण के अनुसार संगठन प्रक्रिया के कदम है– 1

(a) 4 (b) 6

(c) 7 (d) 8

(vi)मानव संसाधन प्रबन्ध में सम्मिलित है– 1

(a) भर्ती (b) चयन

(c) प्रशिक्षण (d) ये सभी

(vii)निम्न प्रश्न में कथन (अ) तथा कारण (R) दिए गए हैं सही विकल्प चुनिए। 1

कथन (अ) :नियन्त्रण सुनिश्चित करता है कि संसाधनों का उपयोग प्रभावशाली तथा उपयुक्त ढंग से हो रहा है।

कारण (ब) :नियंत्रण में प्रत्येक क्रिया पूर्व निर्धारित मानकों तथा संसाधनों की बरबादी को कम करने हेतु की जाती है।

विकल्पः

(a) दोनों (अ) तथा कारण (ब) सही है तथा कारण (ब) कथन (अ) का सही स्पष्टीकरण है।

(b) दोनों कथन (अ) तथा कारण (ब) सही हैं और कारण (ब) कथन (अ) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) कथन (अ) सही है किन्तु कारण (ब) गलत है।

(d) कथन (अ) गलत है किन्तु कारण (ब) सही है।

2.प्रशिक्षण की उस विधि का नाम बताइये जिसमें प्रशिक्षणार्थी एक प्रमुख (मास्टर) कर्मचारी की देख–रेख में सीखते हैं। – 1

3. दिशा के आधार पर सम्प्रेषण के दो प्रकार कौन–कौन से हैं? 1

4. ऐसा क्यों कहा जाता है कि नियंत्रण पीछे देखने की क्रिया है? 1

5. प्रबन्ध का क्या अर्थ है ? इसके महत्व के दो बिन्दुओं का वर्णन करों। 2

6. संगठन की एक संरचना तथा एक प्रक्रिया के रूप में परिभाषा दीजिए। 2

7. निर्देशन प्रबंधन का एक निष्पादन कार्य है। तर्क दीजिए। 2

8. प्रबन्ध एक जटिल प्रक्रिया है जिसमें तीन मुख्य आयाम हैं। इन आयामों का वर्णन कीजिए। 3

9. व्यवसायिक वातावरण की चार प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 3

अथवा

व्यवसाय में सामाजिक वातावरण की क्या भूमिका है?

10.क्या नियंत्रण प्रबन्ध का अन्तिम कार्य है?अपने उत्तर की पुष्टि में कारण बताइये। 3

11.हेनरी फेयोल द्वारा प्रतिपादित प्रबन्ध के निम्नांकित सिद्धान्तों में से किन्हीं दो का संक्षेप में वर्णन कीजिए– 2.5X2=5

(i) आदेश की एकता (ii) हिस्सेदारी (iii) पारिश्रमिक (iv) पहल

12. सी लिमिटेड एक आटो कम्पनी मार्केट में अपनी घटती मॉग समस्या से जूझ रही है क्योकि बाजार में नवीन स्थापित कम्पनियों से प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। उसके प्रतियोगी जन साधारण को सस्ते मूल्य पर माडल पूर्ति कर रहे हैं तथा उपभोक्ता मूल संवेदी है। गुण परख उपभोक्ताओं के लिए कम्पनी नए माडल , नयी सुधरी तकनीक तथा और अधिक उपकरणों के साथ बाजार में ला रही है।

प्रश्नः (क) सी लिमिटेड के लिए इस वर्तमान चुनौती का मुकाबला करने के लिए एक आदर्श व्यावसायिक योजना तैयार कीजिए। परिमाण के विषय में आपको किसी विशेष प्राचल (पैरामीटर) की आवश्यकता नहीं है। आप किस प्रकार की योजना बना रहे हैं उसका विशेष विवरण दे सकते हैं। 2

(ख) उस योजना की सीमाओं को उजागर कीजिए। 2

(ग) आप उन सीमाओं को दूर करने के लिए क्या उपाय करेंगे? 1

अथवा

व्यावसायिक संगठनो द्वारा किस प्रकार की व्यूह रचना के निर्णय लिये जाते है।

13. निम्न के आधार पर औपचारिक तथा अनौपचारिक संगठन में अन्तर स्पष्ट कीजिए।– 5

(i) अर्थ (ii) अभ्युदय (iii) अधिकार (iv) व्यवहार (v) संचार का प्रवाह (vi) प्रकृति

14. नियुक्तिकरण के बाह्य स्रोत कौन–कौन से है? किन्ही चार को संक्षेप में बताइए।

1+(1X4)=5

अथवा

कर्मचारी चयन प्रक्रिया अथवा चयन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों का वर्णन कीजिए।

15. औपचारिक संदेशवाहन तथा अनौपचारिक संदेशवाहन में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 5

## खण्ड 'ख'

16. (i) जब शेयर बाजार में तेजी होती है कम्पनी को निम्न के माध्यम से धन जुटाना होगा–

1

(a) ऋण
(b) इक्विटी
(c) ऋण तथा इक्विटी दोनों
(d) इनमें से कोई नहीं

(ii) अच्छे ब्रान्ड की विशेषताऐं हैं– 1

(a) सूक्ष्म नाम
(b) स्मरणीय
(c) आकर्षक
(d) ये सभी

(c) विपणन कार्य के अन्तर्गत महत्वपूर्ण निर्णय क्षेत्रों में से एक..........................हेतु स्टॉक की व्यवस्था करना है। 1

(i) ब्रांडिग (ii) मूल्य निर्धारण

(iii) पदोन्नति (iv) भौतिक विवरण

17. वित्त पोषण के दो प्रकार के स्रोत क्या है?– 1
18. विपणन मिश्रण से आप क्या समझते हैं? 1
19. मृत उपभोक्ता की ओर से कौन वाद प्रस्तुत कर सकता है? 1
20. लेबलिंग का क्या अर्थ है? 2
21. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अनुसार उपभोक्ता का क्या अर्थ है? 2
22. उपभोक्ता के निम्न अधिकारों का वर्णन कीजिए– 2

(i) सूचित किए जाने का अधिकार

(ii) संरक्षित होने का अधिकार

23. एक फर्म की पूॅजी संरचना को निर्धारित करने वाले निम्न कारकों की गणना किस प्रकार की जाती है? 3

(i) ब्याज आवरण अनुपात

(ii) ऋण सेवा आवरण अनुपात

24. स्थाई पूॅजी का अर्थ समझाइये। स्थाई पूॅजी की मात्रा के निर्धारक घटकों का वर्णन कीजिए। 5
25. स्कन्ध विपणि के पॉच कार्य बताइये।– 5

**अथवा**

सेबी क्या है?सेबी (SEBI) के कार्यो का वर्णन कीजिए।

26. वितरण के विभिन्न माध्यमों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।– 5

**अथवा**

बिक्रय संवर्द्धन की किन्हीं चार तकनीकों का वर्णन कीजिए।